प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव पर नजर रखने के लिए उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में विशेष पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और विशेष व्यय पर्यवेक्षक को किया नियुक्त।
2. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये विभिन्न उम्मीदवारों ने आज दाखिल किया नामांकन : चार अपल तक भरे जा सकेंगे पर्चे।
3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पीलीभीत, बदायूं और बरेली में प्रबुद्धजन सम्मेलन को किया संबोधित : सपा प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज में कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल।

और

4. चित्रकूट में तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में मारी टक्कर, हादसे में ऑटो सवार सात लोगों की मौत, एक घायल।

———————

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव पर नजर रखने के लिए उत्तर प्रदेश समेत 6 राज्यों में विशेष पर्यवेक्षक और पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने आज सर्कुलर प्रकाशित कर इसकी घोषणा की। उत्तर प्रदेश के अलावा, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हुई है। इसके अलावा

उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में विशेष व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अजय वी नायक को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक, पूर्व आईपीएस अधिकारी मनमोहन सिंह को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक और सेवानिवृत्त भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी राजेश टुटेजा को विशेष व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

चुनाव आयोग ने कहा कि शानदार ट्रैक रिकॉर्ड वाले इन पूर्व लोक सेवकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता के साथ देखरेख का काम सौंपा गया है। ये पर्यवेक्षक खासकर पैसा, ताकत और फर्जी सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की निगरानी करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये आज अमराहा में 4 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया। इनमें बसपा के मुजाहिद हुसैन, भाजपा के कंवर सिंह तंवर और 2 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल है। इस सीट के लिए अब कुल 5 नामांकन हो गए हैं।

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से आज छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी से राजेंद्र सिंह सोलंकी ने दो पर्चे दाखिल किये, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से नर्वदेश्वर दीक्षित और नेशनल पार्टी से

प्रत्याशी किशोर सिंह ने नमांकन किया। इसी के साथ तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें संजीव कुमार, प्रवीण शर्मा और महकार सिंह शामिल है। एक अप्रैल को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी महेंद्र नागर ने नामांकन किया था। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट के कुल 7 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। कल भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा नामांकन करेंगे। अलीगढ सीट पर आज पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया।

मेरठ लोकसभा सीट पर आज भाजपा प्रत्याशी अरूण गोविल ने नामांकन दाखिल किया। हमारी प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट....

*मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो चार अप्रैल तक चलेगी, भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल रहे। बीएसपी ने देवव्रत त्यागी को अपना प्रत्याशी बनाया है, वही समाजवादी पार्टी ने एडवोकेट भानु प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाया था हाल ही में सपा ने अपना प्रत्याशी बदलकर सरधना से विधायक अतुल प्रधान के नाम की लिस्ट जारी कर उन्हें प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने इस बार अपने तीन बार से लगातार सांसद रहे राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण सीरियल में राम का किरदार निभाने वाले कलाकार अरुण गोविल को अपना प्रत्याशी बनाया है। जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे–वैसे सभी पार्टिया प्रचार प्रसार की तैयारी कर रही है। मेरठ में दूसरे चरण में मतदान 26 अप्रैल को होगा। संगीता श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, मेरठ।*

दूसरे चरण की आठ सीटों पर चार अप्रैल तक नामांकन दाखिल हो सकेंगे। पांच अप्रैल को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल नामांकन वापसी की

आखिरी तारीख होगी। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

—————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीलीभीत में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नेहरू गांधी परिवार की छोटी बहू मेनका संजय गांधी पीलीभीत से सर्वाधिक छह बार और उनके पुत्र वरुण गांधी दो बार सांसद रह चुके हैं। इस लोकसभा सीट पर भाजपा ने प्रदेश सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी ने पड़ोसो जनपद बरेली के नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक व मंत्री रहे भगवत सरन गंगवार को टिकट दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने बीसलपुर के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान उर्फ फूलबाबू पर फिर से दांव खेला है। वहां के चुनावी परिदृश्य पर पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.........

*यहां 18 लाख 31 हजार 699 मतदाता 19 अप्रैल को 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 9 लाख 78 हजार 577 पुरुष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 53 हजार 82 है जबकि 40 थर्ड जेंडर मतदाता भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। भाजपा द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश के मौजूदा कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को टिकट देने से पीलीभीत सीट महत्वपूर्ण हो गई है। जितिन प्रसाद ऐसे नेता हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और नरसिम्हाराव के राजनैतिक सलाहकार, 3 बार के सांसद और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता रहे कुंवर जितेंद्र प्रसाद उर्फ बाबा साहब*

*के सुपुत्र हैं । टिकट कटने के बाद मौजूदा सांसद वरुण गांधी अभी तक पीलीभीत नहीं आए हैं, फिर भी उनके अगले कदम पर सभी की नजरें बनी हुई हैं। सपा और बसपा प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं।*

*पीलीभीत सीट से एक मिथक यह भी जुड़ा हुआ है कि यहां गैर जनपद के व्यक्ति ही सांसद चुने जाते हैं। यहां 17 बार हुए चुनाव में मुकुंद अग्रवाल, शमशुल हसन खां और डाक्टर परशुराम गंगवार के अलावा अन्य सभी बाहरी व्यक्ति ही सांसद चुने जाते रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार के चुनाव में उतरे 10 प्रत्याशियों में से 5 गैर जनपद से ताल्लुक रखते हैं।*

*सतीश मिश्र, आकाशवाणी समाचार, पीलीभीत।*

—————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।**

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

———————————

**उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की घोषणा के बाद सी–विजिल ऐप से प्रदेश में 16 मार्च से 31 मार्च, 2024 तक कुल 1395 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से 774 शिकायतें सही पायी गयीं, जिसमें नियमानुसार कार्यवाही की गयी। अभी तक पूरे प्रदेश में शिकायतों के निस्तारण का**

औसत समय 59 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आम तौर पर सी–विजिल ऐप में धनराशि वितरण, गिफ्ट–कूपन वितरण, शराब वितरण, बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाने जैसी शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि सी–विजिल ऐप से लोग आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। वो चाहे, तो अपनी पहचान उजागर किए बिना भी शिकायत कर सकते हैं।

————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पीलीभीत, बदायूं और बरेली में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। पीलीभीत में श्री योगी ने कहा कि पीलीभोत में हमने इको पर्यटन को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस पर यह चुनाव हो रहा है। बदायूं में श्री योगी ने कहा आज का भारत आर्थिक रूप से समृद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव, माफिया राज और कानून राज के बीच है। बरेली में श्री योगी ने लोगों से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब लोग वोट करेंगे तभी विकसित भारत बनाने के लिए सही सरकार का चयन होगा। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज कन्नौज में कार्यकर्ता सम्मेलन को

संबोधित करते हुए कहा कि जो जोश दिखाई दे रहा है इससे विरोधी लोगों को एहसास हो गया है कि अब कन्नौज में उनका काम बनने वाला नहीं है। जो विकास कन्नौज का समाजवादियों ने किया उससे आगे कोई विकास नहीं हुआ है।

---------

चित्रकूट के कर्वी कोतवाली क्षेत्र में झांसी–मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज तेज रफ्तार डंपर ने दर्शनार्थियों से भरे ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार आठ लोगों में से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायलों में से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों को इलाज के लिए प्रयागराज रेफर किया गया है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

---------

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज अमरोहा और मुरादाबाद में साइबर योद्धा सम्मेलन को संबोधित किया। इस सम्मेलन में श्री ठाकुर ने कहा कि आज सूचना के युग में हमें सरकार की उपलब्धियां को सोशल मीडिया के माध्यम से बूथ स्तर तक पहुंचाना है। इसमें साइबर योद्धाओं को अहम भूमिका निभानी होगी।

अमरोहा में श्री ठाकुर ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी अमर्यादित, अभद्र टिप्पणी से हमें बचना है, वरना विपक्षी उसको आधार बनाएंगे। हमें सही ढंग से अपनी बात को रखना है ताकि आम लोगों तक हमारी बात स्पष्टता से पहुंचे।

(समाप्त)